शराबियों के उत्पात से परेशान महिलाओं ने किया प्रदर्शन

औरंगाबाद में ठेका बंद कराने की मांग, नारी संघटन के नेतृत्व में जुटीं महिलाएं

कोहड़ौर, प्रतापगढ़। थाना क्षेत्र के औरंगाबाद गांव में शराब के ठेके को बंद कराने की मांग को लेकर शनिवार को महिलाओं ने प्रदर्शन किया। नारी संघटन के नेतृत्व में जुटीं महिलाओं ने शराब ठेका बंद करो के नारे लगाते हुए विरोध जताया और संबंधित अधिकारियों से काररवाई की मांग की।

प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना है कि शराब के ठेके पर आये दिन शराब पीने वालों की भीड़ जुटती है। वहां शराब पीने के बाद कुछ लोगों के आपस में अपशब्द कहने और उत्पात मचाने से आसपास का माहौल प्रभावित होता है। इससे राहगीर महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और स्कूली छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। महिलाओं ने कहा कि ठेके के आसपास से गुजरते समय उन्हें असुरक्षा और शर्मिंदगी महसूस होती है। इस स्थिति से गांव के लोगों को भी दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर शराब का ठेका बंद कराने की मांग की। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने प्रशासन से समस्या का जल्द समाधान करने की अपील की। उनका कहना है कि ठेके के कारण उत्पन्न हो रही परेशानियों से ग्रामीणों को राहत मिलनी चाहिए।



औरंगाबाद में शराब ठेके के सामने प्रदर्शन करतीं महिलाएं।

विद्युत अधिनियम के मुकदमे में ६० वर्षीय वारंटी गिरफ्तार

बाबागंज, प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत महेशगंज पुलिस ने विद्युत अधिनियम के मुकदमे में एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार विद्युत अधिनियम के मामले में दर्ज मुकदमें में न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी था। शनिवार, २४ अक्तूबर को पुलिस टीम ने गिरीशचंद्र (६०) निवासी महेशगंज को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक शिवपाल सिंह, कांस्टेबल अश्वनी खरवार, रिजर्व कांस्टेबल सौरभ तिवारी, विवेक कुमार और महिला कांस्टेबल नीतू शर्मा शामिल रहीं।

दुर्गा प्रतिमा का हुआ विसर्जन

प्रतापगढ़। चिलबिला स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर परिसर में स्थापित मां की प्रतिमा का भक्तों ने गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकालकर विसर्जन किया। सई तट पर बने तालाब में प्रतिमा विसर्जित की गयी। इस दौरान भक्तों ने नम आंखों से मां को विदाई दी। पंडाल संचालक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि वर्ष १९९७ से मंदिर परिसर में मां की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इस बार वैष्णो देवी धाम की तर्ज पर भव्य पंडाल और गुफा बनाई गयी थी। गुफा में भगवान गणेश और हनुमान जी के दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। विसर्जन यात्रा में सुरेश अग्रवाल, रामगोपाल, छेदीलाल, देवानंद, राकेश कुमार, श्याम बाबू सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे।



टेउंगा बूथ पर निरीक्षण करते डीएम अभिषेक पाण्डेय।

उधार दिये रुपये मांगने पर पीटा, पांच लोगों पर केस

प्रतापगढ़। उधार दिये गये ३० हजार रुपये वापस मांगने पर आरोपितों ने युवक को जबरन रोककर पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पांच आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के मीराभवन निवासी चेतन सिंह पुत्र हरेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने सैफ खान को ३० हजार रुपये उधार दिये थे। २३ अक्तूबर को रुपये वापस मांगने पर सैफ ने उसी दिन रकम लौटाने की बात कही थी। दोपहर करीब १२:३० बजे वह बाहर से खाना खाकर बाइक से घर लौट रहे थे। करनपुर मोड़ स्थित शिव मंदिर के पास सैफ खान अपने चार अन्य साथियों के साथ काले रंग की कार से पहुंचा और बाइक के सामने कार लगा दी। उसे बाइक से खींचकर लाठी, राड और बेल्ट से पीटा। शोर सुनकर राहगीरों ने बीच-बचाव किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते चले गये। नगर कोतवाली प्रभारी सुभाष कुमार यादव का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

दम्पती से मारपीट का आरोप छः लोगों पर मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। इलाके के पुरवारा निवासी छोटका पत्नी संतोष कुमार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि २३ अक्तूबर को सुबह नौ बजे करीब पीड़िता और पति अपने घर के पास मिट्टी ढो रहे थे। उसी समय गांव के ही नन्हेलाल, संतलाल, सुनील, अरुण, बड़का, शिमला आये और गाली गलौच करते हुए मिट्टी ढोने से मना किया। विरोध करने पर आरोपितों ने लाठी डंडे से हमला कर मारपीट की। शोर मचाने पर लोग बीच-बचाव के लिए दौड़े तो आरोपित जानलेवा धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

वृद्ध का शव रखकर सड़क जाम करने और पुलिस से अभद्रता में एफआईआर

प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के भिटारा टोढ़ी का पुरवा मार्ग पर वृद्ध का शव रखकर चक्काजाम करने और पुलिस टीम से अभद्रता एवं हाथापाई करने के आरोप में बाघराय पुलिस ने छह नामजद समेत १०-१५ अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मुकदमा २३ अक्तूबर की रात वरिष्ठ उपनिरीक्षक जिलेदार पाल की तहरीर पर दर्ज किया गया।


पुलिस के अनुसार, १५ अक्तूबर को नदीम की मोटरसाइकिल की टक्कर से खरगापुर निवासी जगरूप सरोज गंभीर रूप से घायल हो गये थे। इलाज के दौरान २१ अक्तूबर को प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में उनकी मौत हो गयी।

पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर गांव लौट आये थे। आरोप है कि शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे परिजनों और ग्रामीणों ने भिटारा टोढ़ी का पुरवा मुख्य मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। इससे आवागमन बाधित हो गया और वाहनों की कतार लग गयी। जाम खुलवाने पहुंची पुलिस टीम के साथ प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर अभद्रता और हाथापाई की तथा लाठी-डंडे लेकर हंगामा किया। पुलिस ने मृतक के पुत्र मंगलेश कुमार, अयोध्या प्रसाद, रमापति, राजेश यादव, विकास भारतीय समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। विवेचना उपनिरीक्षक देवी दयाल वर्मा को सौंपी गयी है।

ट्रामा सेंटर में डाक्टरों से अभद्रता और धमकी एफआईआर दर्ज

रानीगंज, प्रतापगढ़। रानीगंज ट्रामा सेंटर में डाक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों से अभद्रता करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। मामले में सराय रतऊ निवासी यूसुफ खान को नामजद किया गया है, जो स्वयं को अधिवक्ता बताता है। सीएचसी रानीगंज के मेडिकल आफिसर डा. सुनील कुमार पाल की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। आरोप है कि १९ से २१ अक्तूबर के बीच यूसुफ खान ट्रामा सेंटर पहुंचा और किसी अन्य व्यक्ति की मेडिकोलीगल (एमएलसी) रिपोर्ट तत्काल देने का दबाव बनाने लगा। स्वास्थ्यकर्मियों ने नियमानुसार प्रक्रिया अपनाने की बात कही तो उसने कथित तौर पर डाक्टरों और कर्मचारियों को भद्दी गालियां दीं तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने समुचित धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। मामले की जांच उपनिरीक्षक भगवान यादव को सौंपी गयी है।

एसपी ने जनसुनवाई के बाद किया थाने का निरीक्षण



मान्धाता थाने का निरीक्षण करते एसपी दीपक भूकर।

प्रतापगढ़। एसपी ने शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर मानधाता थाने में जनसुनवाई करते हुए शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिये। इसके बाद थाने का निरीक्षण का आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

थाना समाधान दिवस में आये फरियादियों की शिकायतों और समस्याओं को गंभीरता से सुनकर एसपी दीपक भूकर ने संबंधित अधिकारियों से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इसके बाद संबंधित शिकायतों का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना का निर्देश दिया। भूमि विवाद, अन्य संयुक्त मामलों में आपसी समन्वय से निस्तारण कराने को कहा। इसके बाद थाना परिसर का निरीक्षण किया गया। थाना कार्यालय, अभिलेखों और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए सफाई बनाये रखने, पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिया।

डीएम ने बूथों का निरीक्षण कर मतदाता पुनरीक्षण अभियान की परखी प्रगति

छूटे पात्र मतदाताओं, महिलाओं और युवाओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण के निर्देश

प्रतापगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने विभिन्न बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन और दावे-आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया का जायजा लिया। साथ ही संबंधित बीएलओ और सुपरवाइजर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने जिला पंचायत कार्यालय हाल स्थित बूथ संख्या ८२ एवं ८३, संविलियन विद्यालय दहिलामऊ के बूथ संख्या ८४, ८५ एवं ८६, माडल प्राइमरी स्कूल सगरा के बूथ संख्या २८, २९ एवं ३० तथा संविलियन विद्यालय टेउंगा स्थित बूथ का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथों पर मौजूद बीएलओ से पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। डीएम ने निर्देश दिया कि बूथों पर प्राप्त हो रहे फार्म-६ के आवेदनों को उसी दिन आनलाइन कराया जाए, ताकि पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में समय से शामिल हो सकें। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से छूटना नहीं चाहिए।

विशेष रूप से महिलाओं और युवा मतदाताओं के पंजीकरण को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम में संशोधन कराने और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए बूथ पर पहुंचने वाले नागरिकों को निर्धारित प्रपत्र भरने में पूरी सहायता उपलब्ध करायी जाए।

नागरिकों को आवेदन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने बीएलओ और सुपरवाइजर को पूरी गंभीरता, सक्रियता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने पर जोर देते हुए पुनरीक्षण अभियान के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के निर्देश दिये।

एक नवम्बर को तुलसीसदन में लगेगा मेगा विधिक सहायता शिविर

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आमजन को विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने और पात्र लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए एक नवंबर २०२६ को तुलसीसदन (हादीहाल) में मेगा विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया जायेगा। शिविर की तैयारियों को लेकर परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में परियोजना निदेशक ने बताया कि जिला जज की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस शिविर में प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों की ओर से स्टाल लगाए जाएंगे। इनके माध्यम से निर्बल वर्ग, दिव्यांगजन, बच्चों, महिलाओं, असंगठित क्षेत्र के



विकास भवन सभागार में बैठक करते पीडी दयाराम वर्मा।

विभिन्न विभागों के लगेंगे स्टाल, पात्र लाभार्थियों को दिलाया जायेगा योजनाओं का लाभ

श्रमिकों, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति सहित अन्य पात्र वर्गों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को चिह्नित कर उनका पंजीकरण कराया जायेगा। इसके साथ ही उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। शिविर में लोगों को उनके विधिक अधिकारों और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक भी किया जायेगा। परियोजना निदेशक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने विभाग की योजनाओं की प्रदर्शनी लगाकर आमजन को जानकारी उपलब्ध कराएं। चिह्नित पात्र लाभार्थियों को शिविर में आमंत्रित कर लाभान्वित किया जाए। उन्होंने सभी तैयारियां समय से पूरी करने और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिये। बैठक में उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवव्रत सिंह समेत संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

गैंगस्टर का वांछित गिरफ्तार

प्रतापगढ़। थाना कोतवाली देहात के विवेक नगर निवासी मो. आरिफ उर्फ सलमान पर नगर कोतवाली में गैंगस्टर एक्ट सहित चार मुकदमे दर्ज हैं। गैंगस्टर के मुकदमे में पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। थानाध्यक्ष कोतवाली देहात संदीप तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कुसुमी रेलवे फाटक के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया।

रबी सीजन के लिए उन्नत बीजों की आनलाइन बुकिंग शुरू

किसानों को मिलेगा ५० से १०० प्रतिशत तक अनुदान, लाटरी से होगा लाभार्थियों का चयन

प्रतापगढ़। रबी सीजन २०२६-२७ के लिए कृषि विभाग ने उन्नत प्रमाणित बीजों की आनलाइन बुकिंग शुरू कर दी है। जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि विकासखंड स्तर पर स्थित राजकीय बीज गोदामों से किसानों को गेहूं, चना, मटर, मसूर और राई-सरसों के बीज अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि निर्धारित पात्रता के अनुसार गेहूं और राई-सरसों पर ५० प्रतिशत, चना एवं मटर पर ५० से ७५ प्रतिशत तथा मसूर पर अधिकतम १०० प्रतिशत तक अनुदान दिया जायेगा। गेहूं का बीज ४३११ रुपये, चना ९०२६ रुपये, मटर ७२११ रुपये, मसूर १०८४८ रुपये और राई-सरसों का बीज १२४६८ रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। किसान कृषि विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर आनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। बुकिंग के बाद नियमानुसार लाटरी से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। चयनित किसानों को पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस भेजकर सूचना दी जायेगी। इसके बाद किसान संबंधित विकासखंड के राजकीय बीज गोदाम से बीज प्राप्त कर सकेंगे। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से समय रहते बुकिंग कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रमाणित बीजों के उपयोग से अंकुरण, उत्पादन और फसल की गुणवत्ता में सुधार होता है। किसानों को वैज्ञानिक विधि से बुवाई कर योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

संक्षिप्त समाचार

मां-बाप पर कविता सुन भावुक हुए श्रोता, नम हुईं आंखें

लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़। पौराणिक गांव हंडौर में अरविंद कुमार सिंह के संयोजन में काव्यार्चना उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें कवियों ने मां-बाप, जीवन और सामाजिक सरोकारों पर आधारित रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुजारी देवराज मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पूजन कर किया। बाबू मगदूम सिंह की स्मृति को नमन करते हुए अजय कुमार सोनी ने अपनी रचनाएं सुनाईं। गजलकार इंजीनियर चंद्रकांत त्रिपाठी के शेरों पर श्रोताओं ने खूब वाहवाही की। गीतकार सुरेश नारायण दुबे 'व्योम' ने अपनी काव्य प्रस्तुति से वातावरण को भावपूर्ण बनाया। सुविख्यात कवि डा. रणजीत सिंह ने मां-बाप पर आधारित कविता सुनाकर श्रोताओं की आंखें नम कर दीं। उन्होंने बुजुर्ग माता-पिता की उपेक्षा पर चिंता जताते हुए उनके सम्मान और देखभाल का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राधेश पांडेय ने हास्य-व्यंग्य की रचनाओं से लोगों को खूब हंसाया-गुदगुदाया। कवियों और श्रोताओं का स्वागत शिवेंद्र सिंह, अभिजीत सिंह और रामेंद्र सिंह ने किया। आयोजन में बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी मौजूद रहे।

अनुदानित बीज के लिए किसान समय से कराये बुकिंग

परियावां, प्रतापगढ़। रबी सत्र २०२६-२७ में किसानों को कृषि विभाग की ओर से अनुदान पर बीज उपलब्ध कराने के लिए विभागीय पोर्टल पर बुकिंग की जा रही है। कृषि विभाग के कर्मचारियों ने किसानों से समय रहते बुकिंग कराकर अनुदानित बीज का लाभ उठाने की अपील की है।

विभाग के अनुसार, रबी सत्र में गेहूं, चना, मटर, राई, सरसों, मसूर और तोरिया समेत विभिन्न फसलों के बीज अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे। वर्तमान में गेहूं और राई-सरसों के बीज की बुकिंग विभागीय पोर्टल पर चल रही है। किसान अपने पंजीकरण नंबर के माध्यम से नजदीकी सहज जनसेवा केंद्र या अपने मोबाइल से बीज की बुकिंग कर सकते हैं। बिना बुकिंग के राजकीय कृषि बीज भंडारों से बीज प्राप्त नहीं हो सकेगा। विभागीय कर्मचारियों ने किसानों से अंतिम समय का इंतजार किए बिना बुकिंग कराने का आग्रह किया है। बीज बुकिंग में किसी प्रकार की परेशानी होने पर किसान कालाकांकर स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार पर संपर्क कर सकते हैं। वहां उनकी समस्या का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जायेगा।

मोबाइल टावर से डीजल चुराने में लगी आग

प्रतापगढ़। मोबाइल टावर में डिवाइस लगाकर कर्मचारी डीजल चोरी करता था। उक्त डिवाइस की वजह से आग लग गयी जिससे कंपनी को काफी नुकसान हुआ। कंपनी के मैनेजर ने मानधाता पुलिस को उक्त तहरीर देते हुए कर्मचारी के खिलाफ कारस्वाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मानधाता थाना क्षेत्र के हैंसी परजी में एक निजी कंपनी का मोबाइल टावर लगा है। कंपनी के स्टेट मैनेजर प्रयागराज निवासी संजय सिंह ने मानधाता थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनकी कंपनी में कार्यरत टेक्नीशिएन कंपनी की जानकारी के बिना ही साइट पर अवैध डिवाइस लगाकर डीजल चोरी करता था। इस चोरी के लिए डीजी में अनाधिकृत तरीके से कैपेसीटर लगा दिया। इसी कारण डीजी में आग लग गयी, जिससे कंपनी को आर्थिक क्षति हुई है। मानधाता एसओ धनंजय राय ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच की जा रही है।

विधायक की शिकायत पर तबादला, फिर भी बाबागंज में तैनाती

बाबागंज, प्रतापगढ़। लोक निर्माण विभाग में तबादला आदेश के अनुपालन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। निर्माण खंड-१ के अधिशासी अभियंता की ओर से १६ फरवरी २०२६ को जारी आदेश के बावजूद अवर अभियंता दुर्गा प्रसाद पाल के बाबागंज में कार्यरत रहने का मामला चर्चा में है।

आदेश के अनुसार, बाबागंज विधानसभा क्षेत्र के पैकेट संख्या-६ में तैनात दुर्गा प्रसाद पाल को रामपुर खास के पैकेट संख्या-८ में भेजा गया था। वहीं, राजेश कुमार राही को पैकेट संख्या-८ से पैकेट संख्या-६ की जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। अधिशासी अभियंता अजय कुमार का कहना है कि बाबागंज विधायक की शिकायत पर दुर्गा प्रसाद पाल का कार्यक्षेत्र बदला गया था, लेकिन बड़े प्लांटों पर काम में तेजी लाने के लिए उन्हें वहां लगाया गया है।

मनरेगा कार्यों में अनियमितता का आरोप

बाबागंज के दो दर्जन गांवों में कागज पर काम कराने का दावा

बाबागंज, प्रतापगढ़। स्थानीय विकासखंड के करीब दो दर्जन गांवों में मनरेगा कार्यों में अनियमितता के आरोप लगे हैं।

आरोप है कि कई जगह धरातल पर काम कराए बिना ही कागजों पर कार्य दिखाए जा रहे हैं। जिम्मेदार लोग घर बैठे ही श्रमिकों की तस्वीरें खींचकर टैग कर रहे हैं और भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। इससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है। मामले में जिम्मेदार अधिकारियों से जांच कराकर कारस्वाई की मांग उठ रही है। इस संबंध में मनरेगा के एपीओ संतोष यादव ने बताया कि भुगतान की जांच करायी जायेगी। जांच के बाद ही भुगतान की प्रक्रिया पूरी किए जाने की बात कही गयी है।

दशमोत्तर छात्रवृत्ति आवेदन की समय-सारिणी संशोधित

कक्षा ११-१२ को छोड़कर अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों को १३ नवंबर तक मौका

प्रतापगढ़। वित्तीय वर्ष २०२६-२७ में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत आनलाइन आवेदन और वितरण की संशोधित समय-सारिणी जारी की गयी है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी आशीष द्विवेदी ने बताया कि कक्षा ११-१२ को छोड़कर अन्य कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं १३ नवंबर २०२६ तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि नवीन शिक्षण संस्थानों को छात्रवृत्ति मास्टर डाटाबेस में शामिल करने की प्रक्रिया २३ अक्तूबर से पांच नवंबर तक पूरी की जायेगी। वहीं, संबंधित विश्वविद्यालय और एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा संस्थानों की मान्यता, पाठ्यक्रम, सीटों की संख्या और फीस का आनलाइन सत्यापन सात नवंबर तक किया जायेगा। कक्षा १२ से उच्चतर दशमोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों के नवीनीकरण आवेदन २३ अक्तूबर से १३ नवंबर तक किए जाएंगे। नवीन यानी फ्रेश छात्र-छात्राओं के लिए भी आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि १३ नवंबर निर्धारित है।

आवेदन करने के बाद विद्यार्थियों को फाइनल प्रिंट आउट आवश्यक अभिलेखों के साथ संबंधित शिक्षण संस्थान में जमा करना होगा। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि नवीनीकरण के आवेदनों का सत्यापन और अग्रसारण १५ नवंबर तक, जबकि नवीन आवेदनों का सत्यापन एवं अग्रसारण १७ नवंबर तक किया जायेगा। संस्थान अभिलेखों का मिलान कर पात्र आवेदनों को सत्यापित करेंगे और अपात्र आवेदनों को निरस्त करेंगे। उन्होंने सभी शिक्षण संस्थानों को निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार प्रक्रिया पूरी कराने के निर्देश दिए, ताकि कोई पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए लगाया गया शिविर

परियावां, प्रतापगढ़। विधानसभा की मतदाता सूची में छूटे हुए वयस्क नागरिकों के नाम शामिल करने के लिए शासन के निर्देश पर प्राथमिक विद्यालय परियावां द्वितीय में शिविर लगाया गया। इसमें बूथ लेवल अधिकारियों ने पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने की प्रक्रिया पूरी की। शिविर का उद्देश्य किसी कारणवश मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित रह गये लोगों को मतदान का अधिकार दिलाने के लिए जागरूक करना रहा। इस दौरान बीएलओ अखिलेश कुमार शर्मा, रामावती, विमल कुमार मिश्रा और प्रवीण कुमार शुक्ला सहित विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

एक्सीडेंट कर भागा ट्रक, पुलिस ने पकड़ा

प्रतापगढ़। अंतू थानाक्षेत्र के गड़वारा इलाके में शनिवार सुबह कार में टक्कर मारकर चालक ट्रक लेकर भाग निकला। कार चालक ने पुलिस को सूचना दी कि चार पांच लोगों को कुचलकर ट्रक भागा है। पुलिस ने पीछा किया तो ट्रक रानीगंज में पकड़ा गया। रानीगंज एसओ अवन दीक्षित ने बताया कि ट्रक पकड़ा गया है, लेकिन किसी के घायल या मौत की सूचना नहीं है।

मुफ्त गेमिंग आफर के नाम पर पौने तीन लाख ठगे

लालगंज, प्रतापगढ़। विश्राम का पुरवा (जेंवई) निवासी अमृतलाल वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि पीड़ित के मोबाइल पर १० सितंबर को फोन आया, जिसमें कहा गया कि मुफ्त फायर गेमिंग की आईडी चाहिए तो अच्छा आफर है। इसके बाद भेजे गये बार कोड पर पैसा मांगा गया। पीड़ित के नाती ने कई बार में उसी बार कोड पर पैसे डाल दिये। इस तरह पीड़ित के खाते से दो लाख ८७ हजार २८८ रुपये कट गये। जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

समितियों में ताला, खाद के लिए भटक रहे किसान

सचिवों की हड़ताल से ठप कामकाज

परियावां, प्रतापगढ़। कालाकांकर विकास क्षेत्र में साधन सहकारी समितियों पर ताला बंद होने से किसानों को खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है। समिति सचिवों की हड़ताल के चलते समितियों पर कामकाज ठप है। वहीं, डीएपी खाद उपलब्ध नहीं होने से किसान निजी दुकानदारों से ऊंचे दाम पर खाद खरीदने को मजबूर हैं। क्षेत्र में इस समय आलू, सरसों, गेहूं, मटर और चना की बुवाई का काम चल रहा है। ऐसे में समय पर डीएपी खाद नहीं मिलने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं।

किसान खाद लेने के लिए समितियों पर पहुंचते हैं और एक-दो घंटे इंतजार करने के बाद निराश होकर लौट जाते हैं। किसानों का कहना है कि बुवाई के समय खाद की जरूरत है, लेकिन समितियों पर खाद नहीं मिल रही है। मजबूरी में निजी दुकानों से महंगे दाम पर खाद खरीदनी पड़ रही है। बताया जाता है कि कालाकांकर विकास क्षेत्र में परियावां, आलापुर, अदलाबाद, ऐठू, जनवामऊ, त्रिलोचनपुर, करमगंज, दयालपुर और बभनपुर समेत नौ साधन सहकारी समितियां हैं।

सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र की किसी भी समिति पर फिलहाल डीएपी का स्टाक उपलब्ध नहीं है। वहीं, जिला कृषि विभाग के अनुसार जिले में डीएपी की दस हजार मीट्रिक टन उपलब्धता है। इस संबंध में एडीसीओ सहकारिता कुंडा विजय सिंह ने बताया कि रोस्टर के अनुसार समितियों पर डीएपी भेजी जा रही है। जल्द ही सभी समितियों पर खाद की खेप पहुंच जायेगी।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

पुष्प वर्षा कर बाजार में हुआ स्वागत

रानीगंज, प्रतापगढ़। नगर पंचायत रानीगंज में शनिवार को संगीतमयी सामूहिक श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ एवं भक्ति महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। डीजे, ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे की धुन पर निकली कलश यात्रा में पांच हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा।

कलश यात्रा में कई गांवों से आये श्रद्धालु बाइक से आगे-आगे चल रहे थे। वहीं, पीले वस्त्र धारण किए सैकड़ों महिलाएं और बालिकाएं सिर पर मंगल कलश रखकर भक्ति गीतों पर झूमती हुई चल रही थीं। रानीगंज बाजार पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा के बाद कथास्थल पर देव पूजन और व्यास पीठ पूजन संपन्न हुआ।



रानीगंज में कलश यात्रा में शामिल पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकान्त ओझा एवं अन्य।

कथा व्यास पं. श्री राघवाचार्य महाराज ने प्रथम दिन श्रीमद्भागवत महापुराण के माहात्म्य और भगवान की दिव्य लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का श्रवण मनुष्य को भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कथा प्रतिदिन अपरान्ह तीन से शाम छह बजे तक होगी। ३१ अक्तूबर २०२६ को कथा का समापन, पूर्णाहुति और महाप्रसाद वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य यजमान पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवाकांत ओझा, माधुरी ओझा, राज्यसभा सदस्य राधाकांत ओझा, डा. निशाकांत ओझा, कलाकांत ओझा, पूर्व ब्लाक प्रमुख श्यामू ओझा, प्रकाश तिवारी, राजन सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

नारद मोह प्रसंग ने दिया अहंकार त्यागने का संदेश, रामलीला की शुरुआत

लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़। विकासखंड लक्ष्मणपुर के हंडौर गांव में शुक्रवार को जय मां वीणावादिनी रामलीला समिति की ओर से रामलीला का शुभारंभ हुआ। पहले दिन नारद मोह प्रसंग का मंचन किया गया। कलाकारों ने भगवान विष्णु की लीला के माध्यम से अहंकार त्यागने और विनम्रता अपनाने का संदेश दिया।

मंचन में दिखाया गया कि तपस्या के प्रभाव से नारद मुनि के मन में अहंकार उत्पन्न हो जाता है। उनका मोह दूर करने के लिए भगवान विष्णु माया रचते हैं। विश्वमोहिनी के स्वयंवर में नारद मुनि को अपनी भूल का एहसास होता है।

कलाकारों के सजीव अभिनय ने प्रसंग को प्रभावशाली बना दिया। दर्शक देर रात तक मंचन का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान नितेश सिंह वीरू ने आचार्य पं. गिरीश मिश्र के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर



हण्डौर की रामलीला में मंचन करते कलाकार।

किया। समाजसेवी संजय शुक्ल ने भगवान भोलेनाथ की आरती उतारी। इंद्र की भूमिका जगन्नाथ दुबे, विष्णु की श्याम तिवारी, नारद की पूर्व प्रधान डा. राम सिंह, शीलनिधि की माताफेर सिंह राठौड़, विश्वमोहिनी की सूरज दुबे और भगवान शंकर की भूमिका बाल कलाकार हर्षवर्धन दुबे ने निभायी। ग्राम प्रधान ने कहा कि रामलीला धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। इसके प्रसंग नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ते हैं। समिति की ओर से अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार दुबे ने किया। इस मौके पर समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

मंदिर से हनुमान जी का चांदी का मुकुट चोरी

बाबागंज, प्रतापगढ़। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र में मंदिर से हनुमान जी का चांदी का मुकुट चोरी होने का मामला सामने आया है। मंदिर के संस्थापक अखिलेश सिंह ने थानाध्यक्ष को तहरीर देकर अज्ञात आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कारस्वाई की मांग की है।

अखिलेश सिंह के अनुसार, उन्होंने वर्ष १९९९ में मंदिर का निर्माण कराया था। २२ अक्तूबर २०२६ को सुबह करीब १०रू३४ बजे एक महिला और पुरुष मंदिर परिसर में पहुंचे। आरोप है कि महिला हनुमान जी का चांदी का मुकुट लेकर चली गयी। घटना की सूचना तत्काल ११२ नंबर पर दी गयी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद थाने में तहरीर देने को कहा। उधर, पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान करने में जुटी है।